**NEWS CLIPPING: 27.02.2021**

**PUNJAB KESARI**

## छात्र परिषद से विद्यार्थियों के कल्याण के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया

# कुलपति ने नवगठित छात्र परिषद् के सदस्यों से मुलाकात की



**फरीदाबाद,** राकेश देव (पंजाब केसरी)। संस्थागत विकास और छात्र कल्याण की विभिन्न गतिविधियों में विद्यार्थियों को प्रतिनिधित्व देने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद ने वर्ष 2020-21 के लिए नई छात्र परिषद का गठन किया है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने नवगठित छात्र परिषद् के सदस्यों से मुलाकात की। कुलपति ने छात्र परिषद के नए पदाधिकारियों को उनके चयन पर बधाई दी। विद्यार्थी एवं उनके कल्याण अपनी पहली प्राथमिकता बताते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने छात्र परिषद से विद्यार्थियों के कल्याण के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो.लखविंदर सिंह और डॉ. अनुराधा पिल्लई भी उपस्थित थे।कोरोना महामारी के मद्देनजर छात्र परिषद के गठन के लिए अपनाई गई चयन प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. लखविंदर सिंह ने बताया कि सभी अकादमिक विषयों से प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखते हुए छात्र परिषद के लिए नए पदाधिकारियों का चयन शैक्षणिक विभागों द्वारा नामित उम्मीदवारों में से किया गया है। डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय द्वारा गठित चयन पैनल द्वारा संचालित साक्षात्कार में लगभग 30 नामांकित उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया और विश्वविद्यालय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी के आधार पर छात्र परिषद में उम्मीदवारों को पद आवंटित किए गए।इस तरह बीटेक (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग)के छात्र चिराग गोयल को अध्यक्ष चुना गया है। बीएससी (मैथ्स) से प्रवीण गोयल को उपाध्यक्ष, बी.टेक (आईटी) से तनुश्री को सचिव और बीजेएमसी से अंकुर त्रिपाठी और बीएससी (कैमिस्ट्री) से लताक्षी शर्मा को संयुक्त सचिव चुना गया है। विभिन्न शैक्षणिक विषयों का प्रतिनिधित्व करने वाले सात विद्यार्थियों को कार्यकारी सदस्यों बनाया गया है, जिनमें साहिल कुमार, प्रिया, वीर तनवर, हर्ष कीना, प्राची सिवाच, तान्या शर्मा, योगेश और दीपा मिश्रा शामिल हैं।

छात्र परिषद के पदाधिकारियों ने कुलपति को आश्वासन दिया कि वे विश्वविद्यालय में अकादमिक उत्कृष्टता और बेहतरी के साथ.साथ विश्वविद्यालय की प्रगति में अपना सहयोग देंगे।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in


GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 27.02.2021**

## NAVBHARAT TIMES

# नए छात्र परिषद का गठन



**एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः** संस्थागत विकास व छात्र कल्याण की विभिन्न गतिविधियों में छात्रों को प्रतिनिधित्व देने के उद्देश्य से जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने नई छात्र परिषद का गठन किया। शुक्रवार को नवगठित छात्र परिषद के सदस्यों ने कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार से मुलाकात की। बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्र चिराग गोयल को अध्यक्ष चुना गया है। बीएससी मैथ्स से प्रवीण गोयल को उपाध्यक्ष, बीटेक आईटी से तनुश्री को सचिव व बीजेएमसी से अंकुर त्रिपाठी व बीएससी कैमिस्ट्री से लताक्षी शर्मा को संयुक्त सचिव चुना गया है। विभिन्न शैक्षणिक विषयों का प्रतिनिधित्व करने वाले सात छात्रों को कार्यकारी सदस्यों बनाया गया है, जिनमें साहिल कुमार, प्रिया, वीर तनवर, हर्ष कीना, प्राची सिवाच, तान्या शर्मा, योगेश व दीपा मिश्रा शामिल हैं।

**NEWS CLIPPING: 27.02.2021**

## DAINIK JAGRAN

# जेसी बोस विश्वविद्यालय में नई छात्र परिषद का गठन



छात्र परिषद के सदस्य कुलपति प्रो.दिनेश के साथ (बीच में) • सौ. विश्वविद्यालय

**जासं, फरीदाबाद** : संस्थागत विकास और छात्र कल्याण की विभिन्न गतिविधियों में विद्यार्थियों को प्रतिनिधित्व देने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने वर्ष 2020-21 के लिए नई छात्र परिषद का गठन किया है। डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय द्वारा गठित चयन पैनल द्वारा संचालित साक्षात्कार में लगभग 30 नामांकित उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया। बीटेक (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) के छात्र चिराग गोयल को अध्यक्ष चुना गया है। बीएससी (गणित) से प्रवीण गोयल को उपाध्यक्ष, बीटेक (आइटी) से तनुश्री को सचिव और बीजेएमसी से अंकुर त्रिपाठी और बीएससी (कैमिस्ट्री) से लताक्षी शर्मा को संयुक्त सचिव चुना गया है। विभिन्न शैक्षणिक विषयों का प्रतिनिधित्व करने वाले सात विद्यार्थियों को कार्यकारी सदस्यों बनाया गया है, जिनमें साहिल कुमार, प्रिया, वीर तनवर, हर्ष कीना, प्राची सिवाच, तान्या शर्मा, योगेश और दीपा मिश्रा शामिल हैं। कुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने नवगठित छात्र परिषद के सदस्यों से मुलाकात कर बधाई दी और छात्रों के कल्याण के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। स्टूडेंट वेलफेयर डीन प्रो.लखविंदर सिंह और डा.अनुराधा पिल्लई ने भी नवगठित परिषद को बधाई दी।

**NEWS CLIPPING: 27.02.2021**

## PUNJAB KESARI

# टॉयकाथॉन में जे.सी. बोस वि.वि. का शानदार प्रदर्शन

फरीदाबाद, 26 फरवरी (पूजा शर्मा): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के विद्यार्थियों की टीम ने केन्द्र सरकार द्वारा टॉयकाथॉन-2021 में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह बना ली है। विद्यार्थियों के दो अभिनव विचारों को प्रतियोगिता में अंतिम चरण के लिए शार्टलिस्ट किया गया है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने प्रतियोगिता के प्रारंभिक दौर में शानदार प्रदर्शन के लिए टीम को बधाई दी है और ग्रैंड फिनाले के लिए टीम को शुभकामनाएं दी हैं। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रतिभावान विद्यार्थियों को हरसंभव प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर कंप्यूटर इंजीनियरिंग के अध्यक्ष प्रो. कोमल भाटिया, लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज के अध्यक्ष प्रो अतुल मिश्रा, इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल (आईसीसी) के अध्यक्ष प्रो. लखविंदर सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. सपना गंभीर और संयोजक डॉ. पारुल तोमर भी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत टॉयकाथॉन-2021 को भारतीय सभ्यता, इतिहास, संस्कृति, पौराणिक कथाओं और लोकाचार पर आधारित टॉय एंड गेम्स की अवधारणा पर डिजाइन किया गया है। यह एक अंतर-मंत्रालयीय पहल है जो अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, महिला और बाल विकास मंत्रालय, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, एमएसएमई मंत्रालय, कपड़ा मंत्रालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के समर्थन से शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल द्वारा आयोजित की जा रही है।



*टॉयकाथॉन-2021 प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाली टीम के साथ कुलपति प्रो. दिनेश कुमार। (छाया: एस शर्मा)*

विश्वविद्यालय के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के छह छात्रों की टीम वंडर जोन जिसमें टीम लीडर खुशी गुप्ता के अलावा महक यादव, अनन्या, अभिनव कुमार, हार्दिक मेहता और केशव शामिल हैं, ने टॉयकाथॉन-2021 में भारतीय संस्कृति और शिक्षा से संबंधित खिलौनों पर अपने इनोवेटिव आइडिया दिये थे। टीम के इनोवेटिव आइडिया दो खिलौनों को लेकर है, जिसमें एक 11 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए बोर्ड गेम तथा दूसरा 8 से 12 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक पर आधारित एक गेम है। खेलों को भारतीय संस्कृति, इतिहास, भारत के ज्ञान और लोकाचार को ध्यान में रखते हुए डिजाइन और विकसित किया जायेगा। अब, टीम ग्रैंड फिनाले के लिए व्यावहारिक कार्यान्वयन के लिए अपने विचारों पर काम करेगी।

**NEWS CLIPPING: 27.02.2021**

## AMAR UJALA



नवगठित छात्र परिषद के सदस्य कुलपति प्रो. दिनेश के साथ। अमर उजाला

# चिराग बने छात्र कल्याण परिषद के अध्यक्ष

अमर उजाला ब्यूरो

**फरीदाबाद।** संस्थान विकास और छात्र कल्याण के लिए जेसी बोस विश्वविद्यालय (विवि) ने नए छात्र परिषद का गठन किया। शुक्रवार को कुलपति प्रो. दिनेश ने नवगठित छात्र परिषद् पदाधिकारियों को बधाई दी।

छात्र कल्याण उपाध्यक्ष (डीन स्टूडेंट वेलफेयर) प्रो. लखविंदर सिंह ने बताया कि सभी अकादमिक विषयों से प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखते हुए छात्र परिषद के लिए नए पदाधिकारियों का चयन शैक्षणिक विभागों द्वारा नामित उम्मीदवारों में से किया गया है। डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय द्वारा गठित चयन पैनल द्वारा संचालित साक्षात्कार में लगभग 30 उम्मीदवार शामिल हुए। इसमें बीटेक (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) के छात्र चिराग गोयल अध्यक्ष चुने गए। बीएससी (मैथ्स) से प्रवीण गोयल को उपाध्यक्ष, बी.टेक (आईटी) से तनुश्री को सचिव और बीजेएमसी से अंकुर त्रिपाठी और बीएससी (केमिस्ट्री) से लताक्षी शर्मा को संयुक्त सचिव चुना गया है। विभिन्न शैक्षणिक विषयों का प्रतिनिधित्व करने वाले सात विद्यार्थियों की कार्यकारी में साहिल कुमार, प्रिया, वीर तनवर, हर्ष कीना, प्राची सिवाच, तान्या शर्मा, योगेश और दीपा मिश्रा शामिल हैं। इस दौरान डॉ. अनुराधा पिल्लई भी मौजूद रही।

**NEWS CLIPPING: 27.02.2021**

## PUNJAB KESARI

# जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने किया नई छात्र परिषद का गठन

फरीदाबाद, 26 फरवरी (ब्यूरो): संस्थागत विकास व छात्र कल्याण की विभिन्न गतिविधियों में छात्रों को प्रतिनिधित्व देने के उद्देश्य से जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने नई छात्र परिषद का गठन किया है। शुक्रवार को नवगठित छात्र परिषद् के सदस्यों ने कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार से मुलाकात की। कुलपति ने छात्र परिषद के नए पदाधिकारियों को बधाई दी।

डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर लखविंदर सिंह ने बताया कि सभी अकादमिक विषयों से प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखते हुए छात्र परिषद के लिए नए पदाधिकारियों का चयन शैक्षणिक विभागों द्वारा नामित उम्मीदवारों में से किया गया है। डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय द्वारा गठित चयन पैनल द्वारा संचालित साक्षात्कार में लगभग 30 उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया। यूनिवर्सिटी स्तर पर विभिन्न गतिविधियों में छात्रों की सक्रिय भागीदारी के आधार पर छात्र परिषद में उम्मीदवारों को पद आवंटित किए गए। इसके तहत बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्र चिराग गोयल को अध्यक्ष चुना गया है। बीएससी मैथ्स से प्रवीण गोयल को उपाध्यक्ष, बीटेक आईटी से तनुश्री को सचिव व बीजेएमसी से अंकुर त्रिपाठी व बीएससी कैमिस्ट्री से लताक्षी शर्मा को संयुक्त सचिव चुना गया है। विभिन्न शैक्षणिक विषयों का प्रतिनिधित्व करने वाले सात छात्रों को कार्यकारी सदस्यों बनाया गया है, जिनमें साहिल कुमार, प्रिया, वीर तनवर, हर्ष कीना, प्राची सिवाच, तान्या शर्मा, योगेश व दीपा मिश्रा शामिल हैं। छात्र परिषद के पदाधिकारियों ने कुलपति को आश्वासन दिया कि वह यूनिवर्सिटी में अकादमिक उत्कृष्टता व बेहतरी के साथ यूनिवर्सिटी की प्रगति में सहयोग देंगे।

**NEWS CLIPPING: 27.02.2021**

## NAVBHARAT TIMES

# छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः** जेसी बोस यूनिवर्सिटी के छात्रों की टीम ने केंद्र सरकार के टॉयकाथॉन 2021 में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह बना ली है। छात्रों के दो विचारों को प्रतियोगिता में अंतिम चरण के लिए चुना गया है। कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने टीम को बधाई दी है।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 27.02.2021**

**DAINIK BHASKAR**

# टॉयकाथॉन 2021 में जेसी बोस विवि के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

फरीदाबाद| जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने केन्द्र सरकार के टॉयकाथॉन-2021 में बेहतर प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बना ली है। इनके दो अभिनव विचारों को प्रतियोगिता में अंतिम चरण के लिए शार्टलिस्ट किया गया है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने टीम को ग्रैंड फिनाले के लिए शुभकामना दी है। कुलपति के अनुसार विश्वविद्यालय के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के छह छात्रों की टीम ने टॉयकाथॉन -2021 में भारतीय संस्कृति और शिक्षा से संबंधित खिलौनों पर अपने इनोवेटिव आइडिया दिए थे। टीम के इनोवेटिव आइडिया दो खिलौनों को लेकर है। इसमें 11 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए बोर्ड गेम तथा दूसरा 8 से 12 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक पर आधारित गेम है।

**NEWS CLIPPING: 27.02.2021**

**HINDUSTAN**

# वाईएमसीए में छात्र परिषद गठित

**फरीदाबाद।** छात्र कल्याण की विभिन्न गतिविधियों में छात्रों को प्रतिनिधित्व देने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने वर्ष 2020-21 के लिए नई छात्र परिषद का गठन किया है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने नवगठित छात्र परिषद् के सदस्यों से मुलाकात की और नए पदाधिकारियों को बधाई दी।

चयन प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. लखविंदर सिंह ने कहा, सभी अकादमिक विषयों से प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखते हुए छात्र परिषद के लिए नए पदाधिकारियों का चयन शैक्षणिक विभागों की ओर से नामित उम्मीदवारों में से किया गया है।

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 27.02.2021**

**THE PIONEER**

# छात्र परिषद का गठन

**फरीदाबाद।** संस्थागत विकास और छात्र कल्याण की विभिन्न गतिविधियों में विद्यार्थियों को प्रतिनिधित्व देने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने वर्ष 2020-21 के लिए नई छात्र परिषद का गठन किया है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने नवगठित छात्र परिषद् के सदस्यों से मुलाकात की। कुलपति ने छात्र परिषद के नए पदाधिकारियों को उनके चयन पर बधाई दी। विद्यार्थी एवं उनके कल्याण अपनी पहली प्राथमिकता बताते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने छात्र परिषद से विद्यार्थियों के कल्याण के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. लखविंदर सिंह और डॉ. अनुराधा पिल्लई भी उपस्थित थे। छात्र परिषद के पदाधिकारियों ने कुलपति को आश्वासन दिया कि वे विश्वविद्यालय में अकादमिक उत्कृष्टता और बेहतरी के साथ-साथ विश्वविद्यालय की प्रगति में अपना सहयोग देंगे।

**NEWS CLIPPING: 27.02.2021**

**AMAR UJALA**

# टॉयकाथॉन-2021 के फाइनल में पहुंचे छात्र

अमर उजाला ब्यूरो

**जेसी बोस विश्वविद्यालय के कुलपति ने शानदार प्रदर्शन के लिए छात्र टीम को बधाई दी**

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने केंद्र सरकार की ओर से टॉयकाथॉन-2021 में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह बना ली है। विद्यार्थियों के दो अभिनव विचारों को प्रतियोगिता में अंतिम चरण के लिए शार्ट लिस्ट किया गया है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने प्रतियोगिता के प्रारंभिक दौर में शानदार प्रदर्शन के लिए छात्र टीम को बधाई दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत टॉयकाथॉन-2021 को भारतीय सभ्यता, इतिहास, संस्कृति, पौराणिक कथाओं और लोकाचार पर आधारित टॉय एंड गेम्स की अवधारणा पर डिजाइन किया गया है। यह एक अंतर-मंत्रालयीय पहल है। कुलपति ने बताया कि जेसी बोस विवि के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग की छह छात्रों की टीम में वंडर जोन टीम लीडर खुशी गुप्ता के अलावा महक यादव, अनन्या, अभिनव कुमार, हार्दिक मेहता और केशव शामिल हैं। टीम के नवोन्मेषक विचार दो खिलौनों को लेकर हैं। इसमें एक 11 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए बोर्ड गेम और दूसरा 8 से 12 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक पर आधारित गेम है। अब टीम ग्रैंड फिनाले में व्यावहारिक कार्यान्वयन के लिए विचारों पर काम करेगी।